# LALITPUR POLICE

## प्रेस नोट

**दिनांक- 11.07.2024**

**जनपदीय कंट्रोल रुम/स्मार्ट सिटी के कैमरे और ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाये गये कैमरे के माध्यम से लूट/स्नेचिंग/टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देने वाले कटिहार (बिहार) कोढ़ा गिरोह के अन्तर्राज्यीय 03 लुटेरो को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गया गिरफ्तार**

**कोतवाली पुलिस व स्वाट/सर्विलांस/साइबर ललितपुर की संयुक्त टीम की लूट के अभियोग में वाछिंत अभियुक्तों से हुयी मुठभेड़ ,गोली लगने से अभियुक्तगण घायल/गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से तीन अदद अवैध तमंचे मय जिन्दा/खोखा कारतूस व लूट में प्रयुक्त 2 मो0सा0 व लूट के 3,07,930 रूपये बरामद( 59930 रूपये नगद बरामद व 2,48,000 रू0 बैंक एकाउण्ट में सीज) व कई आधार कार्ड व कई बैंक एकाउण्ट नम्बरो की पर्चियां हुई बरामद**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ललितपुर श्री मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद ललितपुर श्री अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर श्री अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 573/2024 धारा 309(4)/248/217(1) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्तों 1. अनुज कुमार, 2. चन्दन यादव, 3.वीरु कुमार को नहर पटरी के पास ग्राम दैलवारा रोड से पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण—** वादी रोशन सिंह बुन्देला पुत्र वीर सिंह नि0 ग्राम रोड़ा थाना कोतवाली ललितपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि वादी सेन्ट्रल बैंक से 1 लाख 70 हजार रूपये निकाल कर घर जा रहा था कि रास्ते में अज्ञात बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा वादी का रूपयो से भरा हुआ बैग छीनकर/लूटकर ले जाने के सम्बन्ध में दिया गया था।

सूचना के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए घटना के शीघ्र अनावरण हेतु 08 पुलिस टीमें जिसमें स्वाट टीम, सर्विलांस टीम, साइबर सेल टीम, थाना कोतवाली पुलिस व जनपद के अन्य चौकी क्षेत्र के इन्चार्जों को लगाया गया था जिसमें विभिन्न जनपदों के लगभग सैकड़ों से ज्यादा सीसीटीवी कैमरो की मदद ली गयी व कैमरों को कई हजार कि0मी0 के दायरों तक देखा गया। धरातलीय सूचना, जनपदीय कन्ट्रोल रूम के सीसीटीवी कैमरो की मदद से लूट की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों के फुटेज प्राप्त हुए थे तथा मो0सा0 की पहचान भी गयी और टीमों द्वारा अलग- अलग जनपदों में मो0सा0 को ट्रेस किया गया तथा अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी की सूचना देने वाले को 25000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था।

**घटना का अनावरण—** श्रीमान पुलिस अधीक्षक ललितपुर के निर्देशन में गठित टीमों द्वारा अपराधियों के जनपद ललितपुर के अन्दर प्रवेश करने और घटना कारित करने के बाद जनपद से बाहर निकलने वाले रास्तो का सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से रुट चार्ट बनाया गया, अलग अलग जिलों ललितपुर, झाँसी, जालौन, आगरा, दिल्ली, मेरठ, बरेली, सहारनपुर, मुजफ्फर नगर, के सीसीटीवी फुटेज देखा गया और इनके भागने के सभी संभावित स्थानों/मार्गो की पहचान की गयी।

टीमों द्वारा सम्बन्धित जिलों में जाकर सीसीटीवी फुटेज एवं इनके रूकने का स्थान एवं अन्य जानकारियों का संकलन किया गया , घटना में पल्सर मोटर साइकिल जिसपर इन्होंने फर्जी नम्बर प्लेट लगा रखी थी एवं रैकी करने के लिये ग्लैमर मोटर साइकिल जिसपर भी फर्जी नम्बर प्लेट लगा रखी थी , । इन नम्बर प्लेटो का अलग अलग जनपदों में जाकर नम्बर प्लेटो में अन्दर भी देखा गया है। टीमों को उपरोक्त मोटर साइकिल का पता लगाने हेतु झांसी , आगरा, दिल्ली , बनारस , बरेली , मुजफ्फर नगर के पार्किंग स्थलों को चेक किया गया तो ये मोटर साइकिल झांसी / आगरा कैंट /दिल्ली के रेलवे स्टेशनों/ बरेली रेलवे स्टेशन की पार्किंग में दिखायी दी , इस आधार पर जब टीमों द्वारा आगरा एवं झांसी के होटल चैक किये गये तो अभियुक्तगणों का झांसी एवं आगरा के होटल में फर्जी आधार

कार्ड देकर ठहरना पाया गया , साथ ही जिन जिन जिलों में उपरोक्त मोटर साइकिल सीसीटीवी कैमरों आदि में देखी गयी वहां की पुलिस टीमों से सम्पर्क करने पर ज्ञात हुआ कि इनके द्वारा इसी तरीके से बस्ती , मुजफ्फरनगर , एटा , झांसी एंव अन्य जनपदो में घटनाएं कारित की गयी हैं। अन्य जनपदो व राज्यो से भी संपर्क स्थापित कर इनके द्वारा कारित की गयी घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी का जा रही है।

**<u>पुलिस मुठभेड़ का विवरण-</u>** इसी क्रम में आज दिनांक 11.07.2024 को थाना कोतवाली पुलिस /सर्विलांस /एसओजी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नहर पटरी वहद ग्राम दैलवारा के पास बैरियर लगाकर चैकिंग की जा रही थी चैकिंग के दौरान दो बाइक से तीन लोग आये थे उनको पुलिस टीम द्वारा रूकने को कहा गया तो उनके द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की गयी जिसमें तीन अभियुक्तों 1. अनुज कुमार, 2. चन्दन यादव, 3.वीरु कुमार उपरोक्त के पैर के घुटने के नीचे गोली लगी। गोली लगने से घायल अभियुक्तगणों को तत्काल पुलिस सुरक्षा में बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**<u>पूंछताछ का विवरण–</u>** अभियुक्तगणों द्वारा पूंछताछ में बताया गया कि हम लोगों का संगठित गिरोह है, जो कटिहार कोढ़ा गैंग के नाम से जाना जाता है। हम लोग अलग अलग राज्यों में लूट/टप्पेबाजी/स्नेचिग की घटना कारित करते हैं। हम लोग देश भर में घूम-घूमकर चोरी की मोटरसाइकिलों से रैकी करते हैं, हम लोग बैंको में आने वाले लोगो को अधिकतर टारगेट करते हैं। जिस जनपद में घटना घटित करनी होती है वहां की बैंको की लिस्ट बनाते हैं और बैंको की रैकी करते हैं। फिर हमारे अन्य सदस्य बैंकों में जाकर बैंको के अन्दर आने वाले व्यक्तियों की रैकी करते हैं और देखते हैं कि कौन कौन व्यक्ति ज्यादा पैसा निकाल रहा है जिसमें बुजुर्गों व महिलाओं को हम लोग ज्यादातर टारगेट करते हैं और उनका पीछा करते हैं और जहां मौका मिलता है उनके साथ लूट की घटना कारित कर भाग जाते हैं। घटना को अंजाम देने के लिए 02 चोरी की मोटर साइकिल जो कि कटिहार बिहार से ही खरीदी थी, को सड़के मार्ग से लेकर यूपी के अलग अलग जिलो में गये थे। हमलोगो के गिरोह के अन्य सदस्यो के द्वारा हम लोगो का फर्जी आधार कार्ड , ड्राइविंग लाइसेंस एंव फर्जी नम्बर प्लेट बिहार से बनवा देते है। हम लोग जहां पर रूकते है वहां पर अपनी मो0सा0 को पार्क न करके रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड जैसे सार्वजनिक स्थानों की पार्किंग में पार्क करते हैं। हम सभी लोग किसी एक जगह नही ठहरते है अलग-अलग होटलों/ढाबों /धर्मशालाओं में रुकते हैं। हम लोग पूरी घटना के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करते है। हमारे गिरोह के अन्य साथियों को हम लोग राह चलते हुए या किसी राहगीर के मोबाइल से फोन करके बुला लेते हैं और उनको लूट के माध्यम से लूटा गया रूपया दे देते हो जो ट्रैन के माध्यम से रूपयो को लेकर कटिहार चले जाते हैं। जब हमारे सदस्यों को बिहार से आने में विलम्ब होता है तो हम लोग ऑनलाइन अपनी पत्नी या रिस्तेदारों के खातों में रूपये भेजते हैं। साहब हम लोगों ने अलग-अलग राज्यों में कई लूट की घटनाएँ कारित की है। करीब 15 दिने पहले हम लोगो ने रेलवे स्टेशन ललितपुर के पास से एक व्यक्ति की स्कूटी में रखे 150000/- ( एक लाख पच्चास हजार ) रूपये स्कूटी का लोक तोडकर निकाल कर भाग गये थे। दिनांक 05.07.2024 को 1 लाख 70 हजार रूपये हम एक व्यक्ति से मण्डी के पास ललितपुर से छीनकर भाग गये थे। इसके अतिरिक्त हमने 15 दिन पूर्व एटा शहर में मोटरसाईकिल की डिग्गी से 6,50,000/-रु० चोरी किये थे। हम लोगों ने करीब 10 दिन पूर्व मऊरानीपुर झांसी में स्कूटी से 1,50,000/- रु० चोरी किये थे। हम लोगों ने 24.06.2024 को मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में मोटरसाईकिल की डिग्गी से 3,00,000/- रुपये की लूट किये थे। जनपद बस्ती में करीब 01 माह पूर्व मोटरसाईकिल की डिग्गी से 3,00,000/- रु0 चोरी किये हैं। हम लोगो ने बिहार में भी लूट किया है और उ0प्र0 के अन्द जनपदों में भी हम लोगो ने घटनाये की है। लूट की घटनाओं के लगभग 3,31,00 रूपये अपने रिश्तेदारों के एकाउण्ट में जमा कराये हैं और कई लाख रूपये हम लोगो ने अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के द्वारा ट्रेन के माध्यम से कटिहार अपने परिजनों के यहां भिजवाये हैं। कई हजार रूपये हमने होटल, खाने आदि में खर्च किये हैं। आज आप लोगो ने हमे पकड़ लिया साहब हमसे गलती हो गयी हमे मांफ कर दीजिये।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता –</u>**

1. अनुज कुमार उर्फ मैक्स बंजारा उर्फ आकाश जादव पुत्र मुरारी उम्र करीब 30 वर्ष नि० जुराबगंज थाना कोड़ा जिला कटियार (बिहार)
2. चन्दन उर्फ सुमित उर्फ सतवीर पुत्र यमुना जादव उम्र करीब 38 वर्ष नि० ग्राम जुराबगंज थाना कोड़ा जिला कटियार बिहार।
3. बीरू कुमार पुत्र शिव कुमार उम्र करीब 27 वर्ष नि० दुर्गास्थान रौतारा जिला कटियार हाल पता गांव जुराबगंज थाना कोढा जिला कटियार (बिहार)

**बरामदगी का विवरण-**

**<u>अभि0 चन्दन से-</u>** 1.एक अदद तमंचा 315 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद खोखा कारतूस
2. रूपये 25070 , एवं आधार कार्ड , एक कम्प्यूटराईज कागज जिसपर 9693923599 Anchal kumara w/o devanand 1. ICICI BANK 071205004784,2. STATE BANK OF INDIA 35584757089,3. UNION BANK OF INDIA 464402120074287 अंकित है।

2.**<u>अभि0 अनुज के कब्जे से-</u>** एक अदद तमंचा 315 बोर , एक अदद खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर नगदी 19150 रूपये एवं दो आधार कार्ड एवं कम्प्यूटराईज कागज जिसपर 1022104000176668 NANCY YADAV C/O MAX YADAV Registered mobile no. 7319887150, 7319823040 Damini Kumari, I Bank of india 580310110009570,2 Canara bank 5243101002003. 3. ICICI bank 071205004802 (Biru Kumar) अकित बरामद हुए।
3. **<u>अभि0 वीरू यादव के कब्जे से</u>**-एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर कुल रूपये 15710/- रु0 एवं आधार कार्ड एवं कम्प्यूटराईज कागज जिसपर 7091732265 Shital devi w/o Pappu Banjara 1. Axis Bank. 918010014216331, 2 Canara Bank 52430101002004, 7209697973, 3. 7091732265 FINO Bank, अंकित बरामद हुए।
4.दो अदद मो0सा0 पल्सर, व ग्लैमर
5. लूट के 2,48,000 रूपये सीज करवाये गये है।
6.अन्य बैंक खातो में भेजे गये रूपयों के सीज करवाने की प्रक्रिया जारी है।

**<u>गिरफ्तारी का स्थान दिनांक –</u>** 11.07.2024

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. श्री अभय नारायण राय क्षेत्राधिकारी सदर ललितपुर।
2. श्री रमेश चन्द्र मिश्र प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मय टीम
3. श्री सावेज खान निरीक्षक थाना साइबर क्राइम मय टीम
4. श्री राहुल राठौर थानाध्यक्ष जखौरा मय टीम।
5. सर्विलांस सेल मय टीम।
6. स्वाट टीम ललितपुर।
7. साइबर थाना टीम

नोट- पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु 25000/- रूपये के नगद पुरस्कार व प्रशस्त्रि पत्र देकर पुरष्कृत किया जायेगा।